फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

ब्रजेश कुमार बनाम सहायक कलक्टर फास्ट ट्रैक शाहपुरा व अन्य

केस संख्या 194 / 2019 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
05.11.2020	कोविड–19 के कारण दिनांक 24.03.2020 से जनरल तारीख पेशी दिये जाने से पत्रावली आज पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित है। प्रार्थी अधिवक्ता ने अवगत कराया है कि सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रैक) शाहपुरा के लिंक पीठासीन अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार मीणा का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। अप्रार्थी अधिवक्ता ने इस कथन का समर्थन किया है। उभय पक्ष अधिवक्ता को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया । प्रार्थी ने सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रैक) शाहपुरा के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 54 / 2019 व–उनवानी ब्रजेश कुमार बनाम श्याम सुन्दर व अन्य में लिंक पीठासीन अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार मीणा से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रैक) शाहपुरा के लिंक पीठासीन अधिकारी श्री नरेन्द्र कुमार मीणा का अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से उनके विरूद्व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। (अन्तर सिंह नेहरा) जिला कलक्टर जयपुर	